# आमजन से सम्बन्धित कार्यों व लंबित प्रकरणों की समीक्षा की



जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी ने अधिकारियों की बैठक ली।

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी ने बुधवार को प्राधिकरण के अधिकारियों की बैठक लेते हुए आमजन से सम्बन्धित कार्यों एवं विभिन्न लम्बित प्रकरणों की समीक्षा की गई। बैठक में प्राधिकरण सचिव भागीरथ विश्नोई, निदेशकगण, उपायुक्तगण, तहसीलदार सहित जेडीए के प्रभारी अधिकारीगण मौजूद रहे।

जेडीए आयुक्त उत्साह चौधरी द्वारा बैठक में आमजन से संबंधित कार्यों के लिए संचालित ऑनलाईन सर्विसेज यथा 90-ए, भवन निर्माण अनुमति, लीजडीड एवं अरबन सर्विसेज यथा नाम हस्तान्तरण, प्रोपर्टी आईडी जनरेशन, बेचान अनुमति एवं लीज मुक्ति प्रमाण पत्र इत्यादि के लम्बित प्रकरणों एवं राजकाज के माध्यम से ऑनलाईन ई-फाईलिंग में लम्बित फाइलों की जोनवार समीक्षा की गई। आयुक्त चैधरी द्वारा विभिन्न ऑनलाईन सुविधाओं के लम्बित प्रकरणों एवं ई-फाइलों को शीघ्र निस्तारित करने एवं राजकाज ई-फाईलिंग में एवरेज डिस्पोजल टाईम को कम से कम करने रखने के निर्देश प्रदान किए गए। आयुक्त ने राजस्थान सम्पर्क के प्रकरणों एवं राजस्थान सम्पर्क पर मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रकरणों, मानवाधिकार, लोकायुक्त, विधानसभा प्रश्नोत्तरी, सीएमओ/ पीएमओ, जिला कलेक्टर जोधपुर की जनसुनवाई में विभाग से संबंधित प्रकरणों एवं रेड, पिंक एवं ब्ल्यू लेटर्स सहित अन्य महत्वपूर्ण पत्रों से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को लम्बित प्रकरणों का समयबद्ध रूप से शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश प्रदान किए।

## जेडीए के विभिन्न भूखंडों की ई-नीलामी जारी

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी केनेतृत्व में माह जुलाई-दिसम्बर 2024 ई-नीलामी कार्यक्रम अनुसार आवासीय, व्यवसायिक एवं मल्टीस्टोरी रहवासीय भूखण्डों की नीलामी के क्रम में प्राधिकरण ने बुधवार को राजीव गांधी नगर योजना के सेक्टर एफ के 01 भूखण्ड को 11,200/- प्रति वर्गमीटर की उच्चतम बोली दर पर नीलामी के जरिये विक्रय किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रभारी अधिकारी नीलामी शाखा संदीप सान्दू ने इस संबंध में बताया कि शुक्रवार को राजीव गांधी नगर योजना सेक्टर एफ के भू.सं. 208, 224, 225, 247 व 248 की नीलामी की जाएगी।

आवेदकों द्वारा उक्त भूखण्डो के लिए गुरूवार तक नियमानुसार धरोहर राशि जमा करवाते हुए 20 सितम्बर को 12:30 बजे तक ऑनलाईन बोली लगाते हुए ई-नीलामी में भाग लिया जा सकता है।

ई-नीलामी से संबंधित विस्तृत जानकारी, नियम एवं शर्तें जोधपुर विकास प्राधिकरण की वेबसाईट पर देखी जा सकती हैं।

# डॉ. एम के छाबड़ा को कोटा में सम्मान दिया



एस.एन. मेडिकल कॉलेज जोधपुर के पूर्व विभागाध्यक्ष एवं सीनियर प्रोफेसर यूरोलॉजी विभाग डॉ. एम.के. छाबड़ा को कोटा में फेलोशिप आफ रॉयल यूरोलोजिकल सोसायटी की डिग्री से सम्मानित किया।

**जोधपुर,** (कासं)। एस एन मेडिकल कॉलेज जोधपुर के पूर्व विभागाध्यक्ष एवं सीनियर प्रोफेसर यूरोलॉजी विभाग डॉ. एम के छाबड़ा को कोटा में सम्पन्न हुई यूरोलॉजी की नेशनल कांफ्रेंस में फेलोशिप आफ रॉयल यूरोलोजिकल सोसायटी की डिग्री से सम्मानित किया गया। समारोह में देशभर के यूरोलॉजिस्टों ने भाग लिया था। डाक्टर महावीर छाबडा को पूर्व में भी क ई अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कांफ्रेंसों में सम्मानित किया जा चुका है। यूरोलॉजी विभाग से संबंधित शैक्षणिक गतिविधियों में डाक्टर छाबडा सदैव सक्रिय रुप से भाग लेते रहते हैं।

# जोधपुर व पाली मारवाड़ रेलवे स्टेशनों पर अतिरिक्त टिकट काउंटर शुरू

**जोधपुर,** (कासं)। उत्तर पश्चिम रेलवे जोधपुर मंडल के रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा को लेकर मंडल के सभी रेलवे स्टेशन पर ऑनलाइन भुगतान हेतु टिकट खिड़की पर क्यूआर डिवाइस लगाई गई है।

जिससे यात्रियों द्वारा ऑनलाइन भुगतान कर यात्री अपना यात्रा टिकट आसानी से ले सकेगे।

मंडल रेल प्रबंधक पंकज कुमार सिंह ने बताया कि डिजिटल इंडिया को बढ़ावा देने के लिए जोधपुर मंडल के सभी रेलवे स्टेशनों पर ऑनलाइन भुगतान की सुविधा दी जा रही है। जोधपुर मंडल में 125 रेलवे स्टेशनों की टिकट खिड़की पर लगभग 162 क्यूआर डिवाइस लगाई गई है।

साथ ही मंडल के जोधपुर और पाली मारवाड़ रेलवे स्टेशनों पर आरक्षित व अनारक्षित टिकट के लिए ऑनलाइन भुगतान के लिए अतिरिक्त टिकट काउंटर प्रारंभ किया है, जिस पर यात्रियों द्वारा टिकट खिड़की पर लगे क्यूआर डिवाइस द्वारा ऑनलाइन भुगतान कर अपना यात्रा टिकट बना सकेंगे,इस टिकट खिड़की पर केवल ऑनलाइन भुगतान की ही सुविधा रहेगी।

यात्री रेलवे स्टेशन की टिकट खिड़की रेल यात्रियों को टिकट किराया भुगतान करने के लिए यूटीएस मोबाइल एप,एटीवीएम क्यूआर कोड की सुविधा सहित पीओएस और यूपीआई जैसे डिजिटल भुगतान की सुविधा पहले से उपलब्ध है। डिजिटल भुगतान प्रणाली को अधिक उपयोगी और सुगम बनाने के उद्देश्य से जोधपुर मंडल और रेलवे विभाग द्वारा इसका विस्तार किया जा रहा है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विकास खेड़ा ने बताया कि मंडल के 29 स्टेशनों पर 40 एटीवीएम द्वारा डिजिटल माध्यम से अनारक्षित टिकिट की सुविधा भी है।

इसके साथ ही हाल ही में रेलवे ने साधारण श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यूटीएस ऑन मोबाइल एप में भी बड़ा बदलाव किया है, जिसमें जनरल टिकट बुक करवाने की दूरी सीमा को समाप्त कर दिया गया है। इस सुविधा के प्रारम्भ होने के फलस्वरूप अब यात्री जनरल टिकट किसी भी स्थान से बुक करवा सकते हैं।

इससे पूर्व यूटीएस ऑन मोबाइल एप के माध्यम से जनरल टिकट बुक करने की अधिकतम दूरी सीमा 20 किलोमीटर थी अर्थात् कोई भी यात्री स्टेशन के प्लेटफार्म से 20 किलोमीटर से अधिक दूरी होने पर टिकट बुक नहीं करवा सकता था।

अब दूरी सीमा को समाप्त करने से जनरल टिकट कहीं से भी ऑनलाइन बुक हो सकता है। यहाँ उल्लेखित है कि जियो फेसिंग की न्यूनतम दूरी में किसी तरह का बदलाव नहीं किया गया है जिसके तहत यात्री प्लेटफार्म और ट्रेन के अन्दर से ऑनलाइन जनरल टिकट बुक नहीं करवा सकता है।

## स्काउट गाइड का अधिवेशन कल से

**जोधपुर,** (कासं)। राजस्थान राज्य स्काउट गाइड का वार्षिक राज्य परिषद अधिवेशन महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय उदयपुर में कल से स्टेट चीफ कमिश्नर निरंजन आर्य की अध्यक्षता में आयोजित होगा। जोधपुर जिले के प्रतिनिधित्व के लिए पूर्व जिला स्काउट प्रधान घनश्याम ओझा, डॉ. ओम कुमारी गहलोत, डॉ. बीएल जाखड़, सहायक राज्य संगठन आयुक्त बाबू सिंह राजपुरोहित सहित 10 सदस्य प्रतिनिधिमंडल को इस प्रतिष्ठित बौद्धिक समागम में आमंत्रित किया गया है। स्काउट सीओ छतर सिंह पीडियार ने बताया कि अधिवेशन में वार्षिक योजना, आगामी प्रशिक्षण नियोजन, सेवा कार्यों व राष्ट्रीय स्तर के अन्य कार्यक्रमों पर विषद चिंतन किया जाएगा। गाइड सीओ निशुकंवर के नेतृत्व में जिले के लीडर ट्रेनर, आजीवन सदस्य व अन्य आमंत्रित सदस्य इस अधिवेशन में भाग ले रहे हैं।

स्काउट गाइड जोधपुर जिला सचिव व शिक्षाविद डॉ. बीएल जाखड़ जिले की कार्य योजना प्रस्तुत करेंगे। तथाकथित भूमाफियाओं द्वारा स्काउट गाइड परिसंपत्तियों पर कुचेष्टापूर्वक दावों के खंडन हेतु स्टेट चीफ कमिश्नर, राज्य सचिव व अन्य पदाधिकारी के साथ अधिवेशन में चर्चा करेंगे।

# सर्व वंचित समाज ने धन्यवाद महारैली निकाली

**जोधपुर,** (कासं)। मारवाड़ की धरा से सर्व वंचित समाज द्वारा एक साथ एक स्वर में एक, दो, तीन,सुप्रीम कॉर्ट की जय जयकार के जैकारे लगाते महारैली निकाली तथा सुप्रीम कोर्ट का धन्यवाद ज्ञापित किया।

ग़ौरतलब है कि 1 अगस्त को दिए गए ऐतिहासिक फैसला जिसमें अतिदलितों का पक्ष लेते हुए आरक्षण वर्गीकरण की व्याख्या कर आरक्षण से वंचित अति दलित समाज के लिए आरक्षण में उप-वर्गीकरण का जो फैसला दिया।

इस फैसले का सर्व वंचित समाज जोधपुर ने स्वागत करते हुए सुप्रीम कोर्ट का आभार व्यक्त करने के लिए आज जालोरी गेट से जिला कलेक्ट्रेट तक महारैली का आयोजन किया।

कलेक्टर कार्यालय पहुँचने के बाद प्रतिनिधि मण्डल द्वारा जिला कलेक्टर के मार्फत प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें सुप्रीम कॉर्ट द्वारा आरक्षण में उप-वर्गीकरण के निर्णय को शीर्ष लागू करने एवं आरक्षण उप-वर्गीकरण के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार के अधीन गठित होने वाली सर्वे कमेठी द्वारा किए जाने वाले सर्वे में सर्व वंचित समाज जोधपुर के एक प्रतिनिधि को शामिल करने आदि की मांगें रखी गई। इस धन्यवाद महारैली में वाल्मीकि, भील, सांसी, नट, धोबी, नायक आदि वंचित समाज की एकजुटता दिखाई दी।

डॉ रूपचंद महाराज धारीवाल ने बताया कि सुप्रीम कॉर्ट द्वारा आरक्षण उप-वर्गीकरण को लेकर जो निर्णय दिया गया वो ऐतिहासिक है, जो अतिदलितों के विकास में अहम भूमिका का निर्वाहन करेगा।

साथ ही बताया कि आरक्षण उपवर्गीकरण का निर्णय सर्व वंचित समाज के पिछड़ते भविष्य को ध्यान में रखते किया गया सर्वश्रेष्ठ निर्णय है। जो समग्र विकास की नई परिपाटी को इंगित कर रहा है। जिसके सुदूरगामी सुखद परिणाम होगें।

सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए फेसले से सर्व वंचित समाज में नई ऊर्जा का बीज फूटा है जो वंचित समाज की आने वाली पीढ़ियों के लिए राजनीतिक, आर्थिक एवं सामाजिक स्तर पर प्रगति के नव अवसर प्रदान करने वाला होगा।

## विश्व ओजोन दिवस मनाया

**जोधपुर,** (कासं)। काजरी स्थित भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा वित्त पोषित परियोजना मरुस्थलीकरण नियंत्रण पर्यावरण सूचना, जागरूकता, क्षमता निर्माण और आजीविका कार्यक्रम (ईआईएसीपी) द्वारा निदेशक डॉ. ओपी यादव के निर्देशन में विश्व ओजोन दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर संस्थान में स्कूल के विद्यार्थियों के लिए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ईआईएसीपी के प्रभारी डॉ. पीसी महाराणा ने कार्यक्रम की शुरुआत में सभी आगंतुकों का स्वागत किया एवं ईआईएसीपी एवं ओजोन परत के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। काजरी के प्राकृतिक संसाधन संभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रियब्रत सांतरा ने ओजोन परत एवं इसके क्षय की रोकथाम हेतु अपने विचार व्यक्त किए। भाषण प्रतियोगिता में जोधपुर की दिल्ली पब्लिक स्कूल, पाल रोड के कक्षा दसवी एवं ग्यारहवीं के छात्रों ने भाग लिया जिनमे विविधा सिंघी प्रथम, सुवोजीत डे द्वितीय, शौर्य झा तृतीय स्थान पर रहे। सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं परितोषिक देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. विपिन चौधरी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मयूर भाटी, सोनाली, अविनाश ने किया।

# अनोखे अंदाज में यातायात के नियम बताए



महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय अंग्रजी माध्यम पुनायता में सर्किल इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार ने हंसते हंसाते, कविता, चुटकुलों के माध्यम से यातायात के नियमों के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली,** (नि.सं.)। महात्मा गाँधी राजकीय विद्यालय अंग्रजी माध्यम पुनायता में सर्किल इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार ने बुधवार को हंसते हंसाते , कविता, चुटकुलों के माध्यम से यातायात के नियमों के बारे में विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि हंसी के माध्यम से कोई बात बताई जाती है तो याद भी रहती है और दूर तक जाती है। उन्होंने बताया कि सड़क पर वाहन चलाते समय ट्रेफिक लाइट, सीट बेल्ट,हेलमेट, मोड़ पर,चलती गाड़ी में सावधानी कैसे रखे ताकि कोई दुर्घटना घटित न हो। समझाया कि हम चले तो आंधियां क्या तूफान संग में लेकर चल पड़ेंगे। सागरो की बात क्या, हिमगिरि भी ढल पड़ेंगे। ये न सोचे ,ये दिशाएं पथ हमारा रोक लेगी, हम चले तो ,हम ढले तो ,सूरज हजारों जल पड़ेंगे।

उप प्राचार्या संतोष पालरिया ने बताया कि पुलिस इंस्पेक्टर प्रवीण यातायात नियमों के लिए ब्रांड एम्बेसडर है, यू ट्यूब पर एक चैनल चलता है।

कार्यक्रम में राधेश्याम ( पार्षद ), लूणसिंह राजपुरोहित ( पार्षद ), प्रताप सिंह ( समाजसेवी ),टैगोर शर्मा ( समाजसेवी), भंवर ,अशोक कुमार ( व्याख्याता), विनोद पुरोहित ( व्याख्याता), हरिसिंह (व्याख्याता), अब्दुल हमीद, इंदु रेवानी , अमित सैनी, सुभाष चंद्र, कांता असावा ,रेणु मटनानी, संतोष बोराणा ,सुमन , निधि जोशी, वीरभद्र राठौड, नारायण, पुष्पा, उर्वशी शर्मा ,गुरुमुख सिंह समेत विद्यालय स्टॉफ उपस्थित रहा।

## हरि प्रकाश माथुर भारी मतों से जीते

**जोधपुर,** (कासं)। हाल ही में सम्पन्न हुए कायस्थ जनरल सभा के सदस्यों के चुनावों में हरिप्रकाश माथुर ने जीत दर्ज की। संस्था के रिक्त हुए क्षेत्रों से सदस्यों के लिए सत्र 2024- 25, 2024-27, 2024-29 के लिए 16 क्षेत्रों में 36 सदस्यों के निर्वाचन की प्रक्रिया मुख्य चुनाव अधिकारी रमेशचंद्र माथुर एवंसहायक चुनाव अधिकारी गणपत लाल माथुर के सान्निध्य में सम्पन्न हुआ।

बैनागढ़ सिटी पुलिस में आयोजित चुनावों में हरिप्रकाश माथुर ने उगमराज माथुर को टक्कर देकर भारी मतों से जीत हासिल कर ली।

सबसे रोचक इस मुकाबले में मोहल्लावासियों ने बढ़ चढक़र हिस्सा लिया। माथुर के बेनागढ़ क्षेत्र से विजयी होते हुए उन्हें जीत की बधाई देने वालों का तांता लग गया।

## हाईकोर्ट नया परिसर के कोर्ट रूम में आग से फाइलें जली

**जोधपुर,** (कासं)। पाली रोड झालामंड के नजदीक राजस्थान हाईकोर्ट नया परिसर में बुधवार की अलसुबह कोर्ट रूम में आग लग गई। आग से फाइलों को नुकसान पहुंचने के साथ साइड का एक दरवाजा जलकर नष्ट हो गया।

बासनी फायर स्टेशन प्रभारी बंशीदास के अनुसार बुधवार की अलसुबह सवा छह बजे हाईकोर्ट नया परिसर में आग की सूचना मिली। गेट संख्या 3 के पास में कोर्ट रूम संख्या 2 में यह आग लगी थी। संभवत: शार्ट सर्किट से यह आग लगी होगी। सूचना मिलने के साथ ही फायरमैन दौलाराम विश्रोई, अशोक जावा, रामजीत, वाहन चालक विशाल, विजेंद्र, अंकित एवं अमित आदि वहां पहुंचे। शास्त्रीनगर से एक और बासनी से दो दकमलें वहां पहुंची थी। आग से कई फाइल भी जल गई और इंफ्रास्ट्रक्चर को भी आग से नुकसान हुआ है। सुबह सवा नौ बजे तक आग पर पूर्ण काबू किया जा सका।

# जैसलमेर में नगर परिषद् ने अस्थायी केबिन हटाए



जैसलमेर नगर परिषद् ने गोपा चौक में सोनार किले के परकोटे से लगते अवैध अस्थायी केबिन हटाए। फोटो-राष्ट्रदूत

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। नगर परिषद द्वारा बुधवार को शहर के हृदय स्थल गोपा चौक में सोनार किले के परकोटे से लगते अवैध अस्थायी केबिन हटाए गए।

नगरपरिषदआयुक्त लजपालसिंह द्वारा रियासत काल से गोपा चौक के नाम से विख्यात जहाँ से देशी विदेशी सेलानियों और आम राहगीरों का सोनार दुर्ग जाने का मुख्य मार्ग बना है।

वहां के अस्थायी केबिन हटवा कर उन्हे वेंडिंग जॉन में रखवाने की बात कही है, ताकि केबिन धारक अपना रोजगार चला सके।

आयुक्त लजपालसिंह ने बताया कि जैसलमेर में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नगरपरिषद की टीम साफ सफाई के साथ साथ अवैध तरीके से रखी केबिनों को भी हटाने का काम कर रही है।

अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान एसडीएम पवनकुमार, नगर परिषद आरओ पवनकुमार समेत कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस दल भी मौजूद रहा।

नगरपरिषद आयुक्त ने बताया कि इससे पहले भी अस्थायी केबिन मालिकों को अपने केबिन हटाने के लिए कई बार कहा इसके बावजूद भी केबिन नहीं हटाए जाने पर बुधवार को नगर परिषद की टीम ने अस्थायी केबिनों को हटाने का अभियान चलाया।

आयुक्त ने बताया कि शहर में अवैध एवं अस्थायी तरीके से रखे केबिन हटाने की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

## रविन्द्र चोपड़ा अध्यक्ष बने



रविन्द्र चोपड़ा

**पाली,** (नि.सं.)। नाकोड़ा मित्र मण्डल के सदस्य पीयूष चोपड़ा ने बताया कि आज नाकोड़ा मित्र मण्डल की साधारण सभा में कोषाध्यक्ष प्रदीप चोपडा ने आय व्यय का विवरण पेश किया। बाद में आगामी 2 साल के लिए अध्यक्ष की कार्यवाही की गई। रविन्द्र चोपड़ा सर्वसहमति सेअध्यक्ष घोषित किया गया। मंत्री नरपत चोपड़ा द्वारा वर्ष किए गए कार्यों का विवरण दिया गया। अध्यक्ष सूर्य प्रकाश चोपड़ा द्वारा मण्डल में 2 साल में जो कार्यक्रम में सहयोग हेतु मण्डल के सभी सदस्यों आभार व्यक्त किया गया।

# सड़क मरम्मत करने की मांग का ज्ञापन लिखा

**जालोर,** (कासं)। जालोर शहर के होटल गिटको से शीतला माता मंदिर सिरे मंदिर रोड, जालोर की सड़क मरम्मत करने की मांग को लेकर विद्या भारती स्कूल के निदेशक के. एन. भाटी ने मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में बताया कि जालोर शहर के होटल गिटको से सिरे मंदिर जाने वाली सडक पिछले कई समय से क्षतिग्रस्त है । सड़क पर बडे बडे गड्ढे पड़े हुए हैं और इस बार तेज बारिश के कारण सडक और भी ज्यादा टूट गई हैं। जालोर शहर का यह रास्ता शहर का मुख्य मार्ग है। जहां लोगो की आस्था का केंद्र सिरे मंदिर है। इस रोड़ पर कई श्रद्धालु दर्शन के लिए आते है। इसी रोड़ पर शहर के तीन बडे विद्यालय हैं। जहां हर दिन काफी संख्या में विद्यार्थी अध्ययन के लिए आते है। विद्यालय के वाहन भी इसी रास्ते से आते जाते रहते है। सड़क क्षतिग्रस्त होने के कारण कई विद्यार्थी चोटिल हो चुके है।

## चौपाल लगाई

**जालोर,** (कासं)। कृषि विज्ञान केंद्र केशवना द्वारा बुधवार तूरा ग्राम में किसान चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें किसानों ने भाग लेकर खेती से सम्बंधित समस्याओं पर वैज्ञानिको से चर्चा की।

कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ दिलीप कुमार ने जैविक खेती के बारे किसानों को जानकारी देते हुए जैविक खाद बनाने की विधि एवं इसके लाभ के बारे में बताया। शस्य विशेषज्ञ बिरम सिंह गुर्जर ने किसानो को रबी फसलों की बुवाई के लिए खेत को तैयार करने व पोषक तत्व प्रबंधन की विस्तृत जानकारी दी।

# कांग्रेस हमेशा आतंकवादियों की पक्षधर रही : दिलावर

**जोधपुर,** (कासं)। जिला प्रभारी मंत्री व शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने एक बार फिर महाराणा प्रताप व अकबर का जिक्र करते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा है। दिलावर ने कहा कि कांग्रेस हमेशा आतंकियों के पक्षधर रही है। बाटला हाउस एनकाउंटर के समय सोनिया गांधी फूट-फूट कर रोई, यह बात खुद राहुल गांधी ने कही है। यह बात दिलावर ने एयरपोर्ट पर जोधपुर से लौटते समय मीडिया से बातचीत के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप व अकबर की तुलना नहीं की जा सकती क्योंकि अकबर आतंकवादी, अक्रांत व देशद्रोही था। इतिहास की सच्चाई को दबाया नहीं जा सकता। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस हमेशा से आतंकवादियों की पक्षधर रही है। आतंकवादियों के नाम भी सम्मानजनक तरीके से लेते है।उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने अमेरिका में कहा था कि वह ताकत में आएंगे तो आरक्षण खत्म कर देंगे यानि एससी, एसटी, ओबीसी व दस प्रतिशत जो जनरल है वह उन सबके खिलाफ है।

## खुदकुशी की

**जोधपुर,** (कासं)। झंवर स्थित लूणावास चारणान गांव में एक युवक ने अपने घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। आत्महत्या का कारण पता नहीं चला है। उसे फंदे पर लटके मां ने देखा। तब उसे तत्काल फंदे से उतार कर अस्पताल लाया गया। मगर डॉक्टर ने उसे मृत बता दिया। इस बारे में उसके भाई की तरफ से मर्ग में रिपोर्ट दी गई है।


-:: पर्यावरण स्वीकृति सूचना::-

श्री दशरथसिंह पुत्र नाहरसिंहजी , निवासी सेरणा राजस्थान की पर्यावरण स्वीकृति की ग्रेनाइट खान ( ML No. 20/10 ) निकट ग्राम जिरावल , तह, रेवदर , जिला - सिरोही क्षेत्र 0.60 हैक्टेयर को जिला स्तरीय पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन प्राधिकरण राजस्थान द्वारा पत्र संख्या F( ) DEIAA/ DEAC/ Project/Cat. 1 ( a)B2 (EC) दिनांक 14.06.16 को पर्यावरण स्वीकृति जारी की गई है इस आदेश की प्रति राजस्थान राज्य प्रदूषण मयबल को पाली ऑफिसर में देखी जा सकती है एवं मयबल वेबसाईट www.rspcb.nic.in पर उपलब्ध है।


# पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**जोधपुर,** (कासं)। भारती एयरटेल फाउंडेशन के तत्वावधान में संचालित सत्य भारती स्कूल राजगढ़ में आज पर्यावरण अभियान के तहत रैली निकालकर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया गया।

जिला समन्वयक सुभाष चंद्र यादव और क्षेत्रीय समन्वयक जय सिंह गिराटी के निर्देशानुसार रैली में बच्चों ने प्लास्टिक के उपयोग से पृथ्वी को होने वाले नुकसान से लोगों को जागरूक किया और कपड़े की थैली का उपयोग करने का सुझाव दिया। आंगनबाडी केंद्र जियाबेरा सहित सार्वजनिक स्थलों पर सफाई अभियान कर सफाई का संदेश दिया। आंगनबाडी कार्यकर्ता लाचो देवी ने भारती एयरटेल फाउंडेशन के पर्यावरण अभियान की सराहना की और कहा कि अभियान से गांव में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। पौधरोपण कर ग्रामीणों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।


कार्यालय ग्राम पंचायत, बादनबाडी पंचायत समिति,जालोर

क्रमांक : ग्राप/मनरेगा /2024-25 / 183 दिनांक: 18/09/2024

ई-निविदा सूचना संख्या - 01/2024-25

पंचायत समिति जालोर के अधीनस्थ ग्राम पंचायत बादनबाडी के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 शेष अवधि के दौरान महात्मा गांधी नरेगा योजना एवं ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की अन्य योजनाओ में कराये जाने वाले कार्यो के लिए निर्माण साम्रगी एवं उपकरण की आपूर्ति हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 (आदिनांक संशोधित) के अनुसार राजस्थान पंचायत राज नियम 1996 के तहत वस्तु एवं सेवाकर (GST) अधिनियम 2017 के अन्तर्गत सक्षम प्राधिकारी द्वारा पंजीकत अनुभवी एंव इच्छुक विर्निमाता (ओ) / विक्रेता (ओ) / फर्मो /संवेदको / आपूर्तिकताओ से जो किसी भी राजकीय संस्थान / उपक्रमों से बोली लगाने से विवर्जित /ब्लेक लिस्टेड नही हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से निविदाएं आमंत्रित की जाती है ई-निविदा संबधी समस्त विस्तत विवरण कार्यालय नोटिस बोर्ड तथा www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर अवलोकन की जाकर डाउनलोड कर www.eproc.rajasthan.gov.in. ई-निविदा ऑनलाईन अपलोड की जा सकती है

NIB - ZJR2425A0418 UBN - ZJR2425GLOB00730

सरपंच
ग्राम पंचायत, बादनबाडी
पंचायत समिति जालोर

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत, बादनबाडी
पंचायत समिति जालोर

## सार-समाचार

### विधायक प्रतापपुरी महाराज ने दौरा किया

**पोकरण,** (निसं)। असंख्य कार्यकर्ताओं के त्याग व राष्ट्र के प्रति सच्ची श्रद्धा से भारतीय जनता पार्टी का निर्माण हुआ हैं। भारत को पुनः विश्व गुरु के पद पर आरूढ करने लिए प्रत्येक नागरिक को जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना होगा। यह बात बुधवार को पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी महाराज ने सदस्यता अभियान की बैठकों को संबोधित करते हुए कही। विधायक के निजी सहायक गुलाबसिंह राठौड ने बताया की बुधवार को सदस्यता अभियान व जनसुनवाई को लेकर क्षेत्रीय विधायक महंत प्रतापपुरी महाराज ने अवाय, भदडीया, सत्याया, आसकंद्रा, दिधू, अजासर, छायण, लोहारकी, राठौडा, सादा व मावा गांवों का दौरा किया। अभियान के अंतर्गत क्षेत्र के लोगों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवाकर उनको भाजपा की रीति व नीति से प्रेरित कर केंद्र व राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा की भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है जो भारत को एक सुदृढ़, समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृतसंकल्प है। विधायक ने कहा की प्रदेश की भाजपा सरकार आमजन के कल्याण के विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रही हैं जिससे आमजन को मूलभूत सुविधाओं से वंचित नही रखा जाए। इस दौरान पार्टी के कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित रहे।

### भारत को जानो प्रतियोगिता आयोजित

**पोकरण,** (निसं)। भारत विकास परिषद शाखा पोकरण की ओर से भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शाखा सचिव कुम्भ सिंह चाँपावत ने बताया कि हम पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में विदेशों के इतिहास संस्कृति में अच्छी जानकारी रखते हैं। लेकिन हमारे राष्ट्र की जानकारी से वंचित रहते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए अधिक से अधिक हमारी राष्ट्रीय धरोहर इतिहास संस्कृति की जानकारी से अवगत कराने व ज्ञानवर्धन करने के उद्देश्य से समय समय पर विद्यालयों में भारत को जानो प्रतियोगिता व राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता एवं गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम करवाए जाते हैं । भारत को जानो प्रतियोगिता प्रकल्प प्रभारी दौलत सिंह राठौड ने बताया कि शाखा द्वारा भारत को जानो प्रतियोगिता परीक्षा लिखित प्रथम चरण में विद्यालय स्तर पर 16 विद्यालयों मे आयोजन किया गया। इस परीक्षा में प्रथम एवं द्वितीय आने वाले विद्यार्थियों की सामूहिक मौखिक क्विज करवाइ। जिसमें प्रथम व द्वितीय आने वाले विद्यालयों को प्रांत स्तर पर आयोजन में भेजा जाएगा।इस आयोजन मे पोकरण शहर ,लंवा ,रामदेवरा ,केलावा साकडा, उजला , झाबर , सरदार सिंह की ढाणी आदि कुल 16 विद्यालयों ने भाग लिया भारत को जानो प्रतियोगिता परीक्षा दो वर्गों मे कक्षा छह से आठ कनिष्ठ वर्ग ,कक्षा 9से 12 वरिष्ठ वर्ग में आयोजित की गई। जिसमें कनिष्ठ वर्ग में 697तथा वरिष्ठ वर्ग में 790 कुल 1487 बालक बालिकाओं ने भाग लिया।

### विज्ञान व गणित मेला आयोजित

**रेवदर,** (निसं)। आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक रेवदर में विधालय स्तर पर विज्ञान व गणित मेले आयोजन प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार रावल ने निर्देशन मे किया गया । विज्ञान मेले में भैया बहिनों ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का उत्साह पूर्वक प्रदर्शन दिखाया। विज्ञान प्रमुख सूरजपाल शर्मा ने बताया कि विज्ञान मॉडल प्रदर्शन, गणित मॉडल प्रदर्शन, पत्र वाचन, विज्ञान प्रश्न मंच आदि प्रतियोगिताओं के आयोजन मे लगभग 18० भैया-बहिनो ने भाग लिया । विज्ञान व गणित मॉडल प्रदर्शन में किशोर वर्ग व बाल वर्ग में निर्णायक की भूमिका में राधेश्याम (व्याख्याता रेवदर), नटवर सिंह (वरिष्ठ अध्यापक बासन) एवं शिशु वर्ग में निर्णायक की भूमिका पूर्व छात्रा मिताली पाटिल व वर्षा लोहार ने निभाई। इस अवसर पर वरिष्ठ आचार्य बृजकिशोर, प्रभारी भंवरदास आचार्य रविशंकर विकास वैष्णव श्रवणसिह, रघुवीर सिह व आशुसिह का सहयोग रहा ।

### सवेरा संस्थान का निरीक्षण

**बालोतरा,** (निसं)। बालोतरा शहर में सवेरा संस्थान द्वारा चलाए जा रहे संस्थान का अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला बालोतरा भुवनेश्वर सिंह चौहान ने अचानक निरीक्षण किया जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी घेवर चन्द प्रजापत ने बताया कि बालोतरा जिले के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला बालोतरा भुवनेश्वर सिंह चौहान ने आज अचानक मेरे साथ सवेरा संस्थान का निरीक्षण किया। उस समय बालकों द्वारा संगीत कक्षा का आयोजन किया जा रहा था तथा उसके तुरंत बाद भोजन की व्यवस्था को जाना तथा खीर पुरी दो सब्जी चावल एवं मिठाई की व्यवस्था को देखकर सराहना की तथा जिला प्रशासन की ओर से किसी भी प्रकार की सहायता एवं मार्गदर्शन हेतु जानकारी प्राप्त की संस्थान संचालक सत्य प्रकाश जी से बच्चों की व्यवहार परिवर्तन एवं समावेशी शिक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा अवगत करवाया कि बच्चों में आत्मविश्वास तभी उत्पन्न हो सकता है जब हम उसका विश्वास जीतकर व्यवहार में परिवर्तन करके समावेशी शिक्षा देते हुए व्यक्तिगत संबंध स्थापित करें तभी इन दिव्यांग बच्चों का समाज की मुख्य धारा में सहयोग संभव होगा।

### शिक्षक संघ प्रगतिशील ने ज्ञापन दिया

**सायला,** (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील उपशाखा सायला द्वारा बुधवार को राज्य कर्मचारियों की पुरानी पेंशन योजना को यथावत रखने समेत अन्य मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी सूरजभान बिश्नोई को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में लागू एकीकृत पेंशन योजना को राज्य के कर्मचारियों एवं शिक्षकों पर लागू नहीं करने, राज्य सरकार द्वारा अपने कार्मिकों को दी जा रही पुरानी पेंशन योजना को जारी रखने, शिक्षकों के लिए स्थानान्तरण नीति व नियम बनाकर स्थानान्तरण करने, विशेषतौर से तृतीय श्रेणी शिक्षकों का स्थानान्तरण करवाने, पदोन्नति करवाने एवं संगठ्न के सत्र 2024-25 के मांगपत्र में वर्णित समस्याओं के निराकरण के लिए त्वरित कार्यवाही की मांग की। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष अमराराम चौधरी, मंत्री अशोक कुमार लोहार, बालकृष्ण शर्मा, छगनलाल जीनगर, छैलसिंह हरमू, ओमप्रकाश जीनगर, ओमप्रकाश चौधरी, तिलोकाराम, विक्रमसिंह, जितेंद्र प्रजापत, ओमप्रकाश, दिनेश चौधरी, सुजानाराम, अमित सिकलवार, धनराज मीणा, पारसाराम चौधरी मौजूद रहे।

### अनादरा मंडल में सेवा पखवाड़ा शुरू

**रेवदर,** (निसं)।रेवदर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 75 वां जन्मदिन भाजपा अनादरा मंडल द्वारा मंडल अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह देवडा की अध्यक्षता, जालोर सिरोही सांसद लुंबाराम चौधरी के मुख्य अतिथि,सिरोही जिला प्रमुख अर्जुन पुरोहित के विशिष्ट आतिथ्य,भाजपा जिला मंत्री प्रकाश राज रावल के आतिथ्य में बाणेश्वर महादेव मंदिर सिरोडी में सेवा कार्य कर मनाया गया। कार्यक्रम में पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए जालौर सिरोही लोकसभा सांसद लुंबाराम चौधरी ने बताया कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपना जन्मदिन सेवा के रूप में मनाते हैं और इसी निमित्त हम भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता मोदी जी के जन्मदिन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर गांधी जी के जन्मदिन तक 15 दिन तक सेवा के कार्य करेंगे। जिसमें रक्तदान,गायों को गुड खिलाना,वृक्षारोपण करना,स्वच्छता अभियान के साथ साफ सफाई करना आदि कार्य करेंगे।

### हाथल में गणपति प्रतिमा का विसर्जन

**रेवदर,** (निसं)। हाथल के आजाव माताजी भवन मे गणेश चतुर्थी को गणपति की मूर्ति की स्थापना की थी जिसका अनंत चतुर्दशी को विधि - विधान से स्व. गोकुल भाई भट्ट बांध की निम्न सीमा मे विसर्जन किया गया। सभी ग्रामीणों ने विसर्जन से पूर्व महाआरती की और गगन भेदी जयकारे लगाए। गजे -बाजों के साथ गाँव के मुख्य मार्गो से शोभा यात्रा निकाली। सभी बुढे-बुजुर्गो ने भी गणपति आँगन आने पर दर्शन लाभ लेकर विदाई दी। युवक -युवतियां ढोल की ताल पर बहुत नाचे व महिलाओं ने मंगल गीत गाये। इस अवसर पर चिराग त्रिवेदी, डायालाल ओझा, जगदीश धारावत, मनीष भट्ट, प्रकाश शुक्ला, दिगंत त्रिवेदी, केशवलाल दवे, अशोक त्रिवेदी, यशवंत प्रजापत, राहुल वैष्णव सहित ग्रामीणों ने विसर्जन कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

### ट्रेलर की टक्कर से दो मजदूर घायल

**रेवदर,** (निसं)। रेवदर अनादरा के पास मुख्य हाईवे पर रेवदर की तरफ से आ रहे ट्रेलर ने ट्रेक्टर ट्रॉली को टक्कर मारी। टक्कर के बाद ट्रेलर असंतुलित होकर कृषि कुएं की बाड में घुसा। ट्रेलर की टक्कर से ट्रॉली में भरा डामर रोड पर गिरा, साथ ही दो मजदूर घायल हुए। सूचना पर अनादरा पुलिस पहुंची मौके पर, पुलिस ने घायल मजदूरों को एम्बुलेंस की सहायता से राजकीय अस्पताल अनादरा पहुंचाया। थानाधिकारी हिंगलाजदान चारण, हैड कांस्टेबल नारायण लाल सहित जाब्ता मौके पर उपस्थित रहे।

# अधिकारियों को लक्ष्यानुरूप प्रगति अर्जित करने के निर्देश




जालोर कलैक्ट्रेट में जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गवांडे ने अधिकारियों की साप्ताहिक बैठक ली। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर,** (कासं)। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें उन्होंने विभागवार प्रगतिरत प्रोजेक्ट्स की समीक्षा करते हुए अधिकारियों का आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने कहा कि सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कर आमजन को राहत प्रदान करें। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत एफएचटीसी के कार्यों में गति लाते हुए प्रत्येक घर को नल कनेक्शन से जोड़ने तथा प्रत्येक स्कूल व आंगनवाड़ी केन्द्र को शत-प्रतिशत पेयजल से जोड़े जाने के साथ ही जियो टेंगिंग को लेकर निर्देश दिए। जिला कलैक्टर ने मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, नगरीय निकायों एवं पंचायतीराज विभाग को आपस में समन्वय कर नगरीय क्षेत्रों व ग्राम स्तर पर फोगिंग कार्य करवाने को लेकर निर्देशित किया। बैठक में जिला कलैक्टर ने जिले में खाद्य पदार्थों की शुद्धता जांचने के लिए अभियान चलाकर सैंपलिंग बढाने के साथ ही मिसब्राण्ड पाये गये नमूनों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने आशान्वित ब्लॉक आहोर में चिकित्सा सुविधाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने ई-फाईल निस्तारण को औसत समय को कम किये जाने के निर्देश देते हुए सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की पेंडेंसी के संबंध में विभागवार प्रगति देखी। उन्होंने विद्युत, पेयजल, सार्वजनिक निर्माण विभाग, शिक्षा, सहकारिता, पंचायीतराज, चिकित्सा विभाग से संबंधित कार्यों की विस्तार से समीक्षा कर विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर शिवचरण मीना, डिस्कॉम के एसई पी.एस.राठौड़, पीडब्ल्यूडी अधिशासी अभियंता रमेश सिंगारिया, पीएचईडी के अधीक्षण अभियंता आर.सी.मीना, महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक दुर्गासिंह उदावत सहित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मोदी व शाह पानी के वादे पूरे करें : सवाराम पटेल

**जालोर,** (कासं)। कांग्रेस नेता व पीसीसी सदस्य सवाराम पटेल ने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह को ज्ञापन भेजकर जालोर जिले की जनता के साथ किये वादे पूरे करने का आग्रह किया।

कांग्रेस नेता सवाराम पटेल ने बताया कि राजस्थान विधानसभा चुनाव वर्ष 2013 में चुनाव प्रचार के दोरान गुजरात के तत्कालीन मुख्यमन्त्री व आज देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने सुमेरपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहां था कि राजस्थान में आप बीजेपी की सरकार लाओ , सरकार में आने पर हम माही का पानी जालोर , सिरोही पेयजल व सिंचाई के लिये के लायेंगे। वर्ष 2013 में राजस्थान में बीजेपी की सरकार आयी, वसुन्धरा मुख्यमन्त्री बनी और वर्ष 2014 में केन्द्र में बीजेपी की सरकार बनी और नरेन्द्र मोदी प्रधानमन्त्री बने , लेकिन माही से जालोर - सिरोही पानी लाने की कोई योजना नहीं बनी , सिर्फ और सिर्फ झूठा वायदा किया था।

पटेल ने बताया कि राजस्थान में विधानसभा वर्ष चुनाव 2023 में 22 नवम्बर 2023 को देश के गृहमन्त्री अमितशाह ने सायला में जनसभा को संबोधित करते हुए वायदा किया था कि जोगेश्वर गर्ग को जीताकर विधानसभा में भेजो बीजेपी की सरकार बनाओ हम जवाई नदी को पुनर्जीवित करेंगे। जोगेश्वर जीत गये। राजस्थान में सरकार बीजेपी की बन गयी और केन्द्र में भी पुनः बीजेपी की सरकार बनकर अमित शाह वापस गृहमन्त्री बन गये ।

साथ में राज्य व केन्द्र का बजट वर्ष 2024 भी आ गया लेकिन जवाई नदी को पुनर्जीवित करने की कोई योजना नहीं बनी। यह भी झूठा वायदा निकला है।

राजस्थान के बजट में यह योजना जरूर बनी है कि जवाई बांध से पाली , पाली ग्रामीण व जोधपुर जाने वाली जवाई नहर के पुनर्निर्माण के लिए बजट स्वीकृत हुआ है जिससे बांध का पानी पाली, पाली ग्रामीण व जोधपुर पेयजल व सिंचाई के लिये जायेगा जिससे जालोर जिले को भारी नुकसान होगा।

# जल सरोवरों में तर्पण किया

**जोधपुर,** (कासं) । भारतीय संस्कृति में दिवंगत पूर्वजों की आत्मा की तृप्ति तथा उनके प्रति श्रद्धा से जुड़ा पर्व श्राद्ध आज बुधवार भी मनाया गया।

श्राद्ध पक्ष की शुरुआत इस बार अनंत चतुर्दशी के दिन मंगलवार से हुई।

प्रथम दिन पूर्णिमा का श्राद्ध मनाया गया। आज दूसरे दिन भी लोगों ने पूर्णिमा का श्राद्ध मनाया और तर्पण आदि कार्य किए। पितृपक्ष का समापन दो अक्टूबर को सर्वपितृ अमावस्या पर होगा और 3 अक्टूबर को नान श्राद्ध के साथ नवरात्रा की शुरुआत भी होगी।

सनातन धर्म के अनुसार मनुष्य पर तीन ऋण होते हैं, जो देव, ऋ षि व पितृ ऋ ण है। श्राद्ध पक्ष के दौरान पिंडदान व तर्पण करने से पितृ ऋण चुकाने का फल मिलता है।

इस समय विधि विधान से उनका श्राद्ध कर्म कर पितरों से आशीर्वाद प्राप्त किया जा सकता है।

पितरों के लिए समर्पित श्राद्ध पक्ष में कोई भी शुभ काम नहीं होता है। इस दौरान गृह प्रवेश, कानछेदन, मुंडन, शादी-विवाह नहीं कराए जाते हैं।

इसके साथ ही इन दिनों में न कोई नया कपड़ा खरीदा जाता और न ही नया कपड़ा पहना जाता है।

श्राद्ध पक्ष में पितरों के लिए हर दिन खाना निकाला जाता है। ब्राह्मणों को भोजन कराया जाता है। कौवों और गायों को रोटी खिलाई जाती है।

## जनसुनवाई कल

**जोधपुर,** (कासं) । जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं जिला जन अभियोग व सतर्कता समिति की बैठक गुरुवार को मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज के सभागार में जिला कलक्टर गौरव अठावाल की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी।

अतिरिक्त ज़िला कलेक्टर प्रथम दीप्ति शर्मा ने बताया कि जिला स्तरीय जनसुनवाई सुबह दस बजे व जिला जन अभियोग एवं सतर्कता समिति की बैठक दोपहर 12.30 बजे आयोजित की जाएगी।

# जालोर शहर में 50 किलो प्लास्टिक कैरीबैग्स जब्त




जालोर नगर परिषद् ने 50 किलो प्लास्टिक कैरीबैग जब्त करने की कार्रवाई की। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर,** (कासं)। भारत सरकार एवं आवासन शहरी विकास कार्य मंत्रालय के निर्देश पर स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के तहत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक "स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता" की थीम पर प्रदेश भर में "स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024" का आयोजन किया जा रहा हैं।

जिसके अन्तर्गत बुधवार को सिंगल यूज प्लास्टिक की प्रभावी रोकथाम एवं शहर को प्लास्टिक मुक्त करने नगर परिषद की गठित टीम द्वारा सहायक अभियंता नरेन्द्र बैरवा के निर्देशन में जालोर शहर के मुख्य बाजारों में भ्रमण कर दुकानदारों, स्ट्रीट वेण्डर्स, सब्जी, फूल माला इत्यादि विक्रेताओं की दुकानों पर दबिश की जाकर कुल 52 किलोग्राम प्लास्टिक कैरी बैग्स जब्त किए जाकर पुनः उपयोग नहीं करने के लिए सख्त हिदायत दी गई। टीम द्वारा आमजन को प्लास्टिक कैरी बैग्स के स्थान पर पर्यावरण हित में कपड़े व कागज की थैली का उपयोग करने के लिए समझाईश की गई।

# घर वाले सोते रहे गए, चोर जेवरात ले गए

**जोधपुर,** (कासं) । खेजड़ली गांव में बीती रात को चोरों ने एक खेत में बने मकान को निशाना बनाया। चोर मकान में खिड़की के रास्ते आए और अलमारी में रखे लाखों रुपए के जेवरात व नकदी चोरी कर ले गए। परिवार के लोग सभी घर के बाहर ही सो रहे थे। सुबह लोगों के जागने पर चोरी का पता चला।

लूणी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, खेजड़ली गांव में पांची देवी का मकान खेतों में बना हुआ है। बीती रात को परिवार के लोग घर के बाहर ही सो रहे थे। रात को चोर पीछे के कमरे की खिड़की को तोड़कर अंदर घुसे और अलमारी में रखे करीब 22 तोला सोने के जेवरात व नकदी चोरी कर ले गए।

परिवार के लोग रिश्तेदार के यहां अनंत चतुर्दशी के कार्यक्रम से रात को लेट आए थे। थके होने से उन्हें रात के समय चोरों के घर में घुसने की भनक तक नहीं लगी। पुलिस जांच के साथ ही क्षेत्र में सक्रिय चोर गिरोह के बारे में जानकारी जुटा रही है। परिवार के लोग मंगलवार की रात डेढ़ बजे लौट रहा था तब लूणी चौकी पुलिस ने इतने रात से आने का कारण भी पूछा था। तब उन्होंने एक समारोह में पुडियां बंटने का काम करना बताया था।

## प्रतियोगिता संपन्न

**रेवदर,** (निसं)। धान्ध्पुर में 68 वीं जिला स्तरीय खो-खो खेलकूद प्रतियोगिता का समापन सांसद लुम्बाराम चौधरी के मुख्य आतिथ्य एवं अर्जुन पुरोहित जिला प्रमुख की अध्यक्षता में हुआ। छात्र वर्ग में न्यू मॉडल स्कूल निमतलाई एवं छात्रा वर्ग में रा.उ. मा. वि. सवली विजेता रही। श्री परशुराम गुरुकुल मा. वि. कोजरा व सनराइज स्कूल सएफांज उपविजेता रहे। कोजरा के निलेश कुमार व सनराइज स्कूल सरूपगंज की छम्गा विद्या कलबी को बेस्ट प्लेयर अवार्ड से नवाजा। निखिल गर्ग ने बताया भामाशाहों का बहुमान व विजेता व उप विजेता को सम्मानित किया। भामाशाहों ने छात्र व छात्रा वर्ग में विजेता व बेस्ट प्लेयर का सिल्वर मेडल प्रदान किये।

# भागली पुरोहितान के पहलवान राज्य स्तर पर दम दिखाएंगे



भागली विद्यालय के पांच पहलवानों का चयन राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए हुआ। फोटो राष्ट्रदूत

**जालोर,** (कासं)। निकटवर्ती राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय भागली पुरोहितान के पांच व दो कुल सात पहलवानों का चयन राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में हुआ।

शारीरिक शिक्षक मिश्रीमल सुधार ने बताया कि जालोर कि सुबोध विधा मंदिर में संपन्न हुई कुश्ती प्रतियोगिता में छात्रा वर्ग में हीरा कुमारी 30 किलोग्राम, धनवंती 33 किलोग्राम, चंदा 39 किलोग्राम, आरती 50 किलोग्राम एवं छात्र वर्ग में जगदीश कुमार 44 किलोग्राम में एवं रा.उ.प्रा.वि.मादलपुरा (जालोर) के शाहनवाज खान पठान (48 किलोग्राम भार वर्ग में तथा,अरशद खान (44 किलोग्राम में)राज्य स्तरीय की कुश्ती प्रतियोगिता में चयन हुआ। पहलवान कृष्णा नगर कॉलोनी ब्यावर में राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में जालोर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। इन सभी पहलवाननों को भामाशाह, जितेंद्र सिंह, विनोद सिंह, बालू सिंह,मंगल जी,रावता जी,राजपुरोहित,संस्था प्रधान सरोज चौहान, महेंद्र सिंह राजपुरोहित, मनोज दवे,मोहिनी देवी,नाथी देवी,सुमन वडाला, कमल किशोर, मादलपुरा शारीरिक शिक्षक श्याम सिंह चम्पावत, भंवरुखान पठान ने पहलवानों को जीत कि बधाई देकर रवाना किया। इस टीम के साथ टीम प्रभारी के रुप में प्रशिक्षक नरेंद्र पालडिया, टीम प्रभारी.मिश्रीमल सुधार एवं दीपाली,चतुर्वेदी रवाना हुए।

# मोहम्मद साहब के बताये रास्ते पर चलें : इल्हाअल कादरी खेजरला



जालोर में लाल पोल के अन्दर जश्ने ईद मिलादून्नबी को लेकर उलमाओं ने तकरीर पेश की। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर,** (कासं)। जालोर शहर के लाल पोल के अन्दर मदीना कोलॉनी में मंगलवार रात्रि को जश्ने ईद मिलान्नदुबी को लेकर मौलाना गुलाम रसूल की सरपरस्ती में जलसे का आयोजन हुआ। जिसमें उलमाओं ने नूरानी तकरीर पेश की।

इस मौके पर बतौर मुकर्रिर खुशुसी मौलाना इल्हाअल कादरी खेजरला ने अपने अंदाज तकरीर पेंशकर लोगों को हजरत मोहम्मद साहब के बताये गये रास्ते पर चलने की नसीहत दी। साथ ही कहा कि हर मोमीन को पांच वक्त नमाज को पाबंदी के साथ पढने की नसीहत देते हुए बच्चों व बच्चियो को भी दिनी तालिम देने की बात कही। साथ ही इल्हाअल साहब द्वारा नात पेंश करने पर मौजूद लोगों का झूमने को लालायित कर दिया। मौलाना गुलाम रसूल ने तकरीर करते हुए कहा कि पैगम्बर इस्लाम ने सारी जिंदगी इंसानियत का पाठ पढाया, इसलिए उनकी विलादत को मनाना हमारे लिए अव्वल इबादत हो। समाज में पैगम्बर ए इस्लाम की सुन्नतो को आम करने की जरूरत है।

नातखां जसमुदीन एक से बढकर एक हुजूर की शान में नाते पेश की। जिनमें क्या क्या चुमूँ मैं, हुजूर तेरा मदीना चूम लूँ... पेशकर आशिकाने-रसूल का दिल लूटा। साथ ही उलेमाओं किराम ने तकरीर एवं नाते पेश की। जिसमें बच्चे-बच्चियों, बुजुर्गों और युवाओं ने भाग लिया। तथा तमाम आशिकाने रसूलल्लाह की तरफ से अमन-चैन की दुआएं मांगी। उलमाओं को पूर्व पार्षद अयूब शेख, सलीमखां, इकबाल खां , मोहम्मद हुसैन कि ओर से फुल मालाओं से स्वागत किया गया। उक्त कार्यक्रम में महिलाओं व बच्चों ने एक से बढकर एक नाते सुनाई।

इस मौके पुर्व पार्षद अयूब शेख, मोहम्मद आरीफ, सलीमखां, आबाद अली, कासम अली, आरीफ खां, जावेद पठान, इकबाल खां पठान, फारुख मोहम्मद, रज्जाकखां, मोहम्मद हुसैन, मोहम्मद इंसाफ अली, अयूब खां, अब्दुल खां, रमीज खां , जुनैद पठान, जाहीद पठान, रेहान सिलावट सहित कई लोग उपस्थित थे।

# युवा एवं प्रगतिशील किसानों को विदेश में प्रशिक्षण

**जालोर,** (कासं)। राज्य सरकार की वर्ष 2024-25 की बजट घोषणा के अनुसरण में नॉलेज एनहांसमेंट प्रोग्राम शुरू किया गया हैं। जिसके तहत प्रदेश के 100 युवा एवं प्रगतिशील किसानों को विदेश में प्रशिक्षण मिलेगा। योजना के तहत आवेदन की तिथि 25 सितंबर तक बढ़ाई गई है।

उद्यान विभाग के संयुक्त निदेशक जितेन्द्र सिंह शक्तावत ने बताया कि नॉलेज एनहांसमेंट प्रोग्राम के तहत अब 50 वर्ष के स्थान पर अब 55 वर्ष आयु वर्ग तक के किसान आवेदन कर सकेंगे।

प्रथम चरण में प्रगतिशील युवा किसानों को उन देशों में भेजा जाएगा। जहां कृषि एवं पशुपालन के क्षेत्र में नवाचार किए जा रहे हैं एवं उच्च तकनीक के प्रयोग से कम जगह और कम लागत में अधिक फसल उत्पादित की जा रही है। उन्होंने बताया कि नॉलेज एनहांसमेंट प्रोग्राम के तहत चयन के लिए जो मापदंड तय किए गए है उनमें सामान्य कृषक के पास कम से कम एक हेक्टेयर और अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति महिला .षकों के पास 0.5 हैक्टेयर .षि भूमि का भूस्वामित्व होना चाहिए तथा वे पिछले 10 वर्षो से लगातार खेती कर रहे हो। कृषक द्वारा उच्च कृषि तकनीक जैसे-संरक्षित खेती, सूक्ष्म सिंचाई, मल्चिंग, सौर ऊर्जा, कृषक पंप, ड्रोन, फर्टिगेशन, ओटोमेशन, फार्म पोंड, डिग्गी अपनाई जा रही हो, आदि शामिल है। डेयरी क्षेत्र में चयनित होने वाले युवा दुग्ध उत्पादक या पशुपालक के लिए जो मापदंड तय किए गए है। कम से कम 20 गाय-भैंस की डेयरी या 10 ऊंट या 50 भेड-बकरी का स्वामित्व रखता हो साथ ही पिछले 10 वर्षो से डेयरी या पशुपालन पेशे से जुड़ा हुआ हो, उच्च पशुपालन या डेयरी तकनीक उपयोग करता हो, डेयरी क्षेत्र में जिला या राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए चयन किया गया हो तथा जिसकी अपने क्षेत्र में प्रगतिशील पशुपालक के रूप में पहचान हो। युवा प्रगतिशील कृषक अपने नजदीकी ई-मित्र केन्द्र के माध्यम से राज किसान साथी पोर्टल पर 25 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कार्यक्रम से संबन्धित जानकारी के लिए युवा कृषक कृषि, उद्यान अथवा पशुपालन विभाग में संपर्क कर सकते हैं। पहले चरण में प्रदेश स्तर पर चयनित 100 युवा किसानो में से 80 कृषि क्षेत्र तथा 20 डेयरी एवं पशुपालन क्षेत्र से होंगे। जालोर खण्ड के पाली, जालोर, सिरोही, सांचौर चार जिलों से 8 किसानों का चयन होगा 6 किसान कृषि क्षेत्र तथा 2 किसान डेयरी व पशुपालन क्षेत्र से जुड़े होंगे।

